हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 5 अप्रैल 2026

06 आयकर विभाग की तर्ज पर खनिज माफिया पर...



09 जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए कलेक्टर व...





## खबर संक्षेप

### 23 को निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

**सीहोर।** शहर के कलारपुरा कस्बा में भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में महिला मंडल के तत्वाधान में भव्य रूप से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शनिवार को ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर नगर सेठ वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय सहित क्षेत्रवासियों ने आस्था और उत्साह के साथ भाग लिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आगामी 23 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ मंदिर में दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा।

### 2 दुकानों से किए घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए सीहोर में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल द्वारा विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर 2 दुकानों से 2 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

### कंपनी का दावा, सवा करोड़ का हुआ नुकसान, 380 खंभे और 30 ट्रांसफार्मर हुए जमींदोज

# हवा आंधी ने बिगाड़ी बिजली व्यवस्था, अंधेरे में कई गांव, दूसरे दिन भी मेंटेनेंस करने में जुटे कर्मचारी

गुरुवार रात हवा आंधी के तांडव के बाद बिजली कंपनी ने अपनी पूरी ताकत मेंटेनेंस के काम में झोंक दी है। शनिवार को बिजली कर्मचारी और अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में डटे रहे।


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गुरुवार रात जिले में आए आंधी तूफान ने सीहोर-आष्टा में बिजली व्यवस्था का माजरा पूरी तरह से बिगाड़ कर रख दिया है। आलम यह है कि शनिवार को दूसरे दिन भी अंचलों में बिजली गुल रही। बिजली विभाग की टीमें शुक्रवार के बाद आज शनिवार को भी सुबह से ही टूटे खंभों और उलझे तारों को दुरुस्त करने के लिए खेतों और सडक़ों पर पसीना बहाती नजर आईं। बावजूद शनिवार की शाम तक भी कई गांवों में बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हो सकी और अंधेरा कायम रहा।

बता दें गुरुवार रात हवा आंधी के तांडव के बाद बिजली कंपनी ने अपनी पूरी ताकत मेंटेनेंस के काम में झोंक दी है। शनिवार को बिजली कर्मचारी और अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों में डटे रहे। जिले के 95 गांवों की सप्लाई बहाल करना बिजली कंपनी के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। कंपनी के शुरुआती आकलन के अनुसार इस आपदा से विभाग को लगभग 1 करोड़ 35 लाख रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ है।

### 380 बिजली खंभे गिरे

बिजली कंपनी के आंकलन के शुरुआती आंकलन के हिसाब से विभिन्न हिस्सों में 150 से अधिक पेड़ उखडक़र बिजली लाइनों पर गिर गए। इससे 380 बिजली के खंभे गिर गए। जिले भर में



30 ट्रांसफार्मर और 46 बिजली के स्ट्रक्चर धराशाई हुए हैं। 33 केवी और 11 केवी की मुख्य लाइनें टूटने से सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई, जिसे जोडऩे में शनिवार को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

### सीहोर और आष्टा में सबसे ज्यादा नुकसान

क्षेत्रवार नुकसान का ब्यौरा देखें तो आष्टा और सीहोर वृत्त सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। आष्टा क्षेत्र के सिद्धीकगंज और बागेर जैसे क्षेत्रों में भारी क्षति हुई है। आष्टा वृत्त में 118 (11 केवी) और 107 एलटी पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसी तरह सीहोर क्षेत्र के अहमदपुर,

### उमस और गर्मी ने जनता को किया बेहाल

एक तरफ बिजली न होने से पेयजल संकट खड़ा हो गया है, वहीं दूसरी तरफ मौसम के बदले मिजाज ने लोगों की बेचैनी बढ़ा दी है। शनिवार को भी दिनभर धूप के कारण उमस बरकरार रही। अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रहने के कारण बिना पंखे-कूलर के लोगों का घरों में बैठना दूभर हो गया।

### रविवार से बाद राहत की उम्मीद

मौसम विभाग और बिजली कंपनी के अनुसार शनिवार देर रात तक प्रमुख लाइनों को दुरुस्त करने का लक्ष्य रखा गया है। अनुमान है कि 5 अप्रैल के बाद ही मौसम पूरी तरह साफ होगा और बिजली व्यवस्था पटरी पर लौट पाएगी। हालांकि मौसम साफ होते ही सूरज के तेवर तीखे होने और तापमान में तेजी से बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है।





श्यामपुर, खजूरिया कलां और दोराहा में 78 (11 केवी) और 49 एलटी पोल टूटे हैं। शनिवार को इन क्षेत्रों में टीमें काम करती दिखीं।

### जानकारी से अंजान रहे डीई

जब इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी के डीई सुमित अग्रवाल से बात की तो उन्होंने बताया कि हवा आंधी से नुकसान तो हुआ है, मेंटनेंस कार्य जारी है। लेकिन कितना नुकसान हुआ है, यह फील्ड के अधिकारी ही बता सकते हैं।

## इश्क, साजिश और कत्ल का खौफनाक खेल...! पति-बेटी संग मिलकर महिला ने प्रेमी को मारा, लाश मंडीदीप में ठिकाने लगाई




**भैरूंदा।** जिले के भैरूंदा क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है, जहां पांच साल पुराने प्रेम संबंध का अंत बेहद खौफनाक तरीके से किया गया। एक महिला ने अपने ही प्रेमी को रास्ते से हटाने के लिए पति, बेटी और रिश्तेदारों के साथ मिलकर साजिश रची और उसे मौत के घाट उतार दिया। हत्या के बाद शव को कार में रखकर मंडीदीप में फेंक दिया गया, लेकिन पुलिस की सतर्कता ने पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस के अनुसार 31 मार्च 2026 को मंडीदीप रेलवे स्टेशन के पास खड़ी एक स्विफ्ट डिजायर कार में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। पुलिस जांच में मृतक की पहचान संतोष शर्मा पिता मोहनलाल शर्मा, उम्र 50 वर्ष, निवासी नेहरू नगर भोपाल के रूप में हुई। शुरुआती जांच में मामला संदिग्ध लगा, जिसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मोबाइल डिटेल के आधार पर जांच आगे बढ़ाई। पुलिस जांच में सामने आया कि संतोष शर्मा और रजनी उईके के बीच पिछले पांच वर्षों से प्रेम संबंध थे। जब इस संबंध की जानकारी रजनी के पति भगवान सिंह उईके को लगी, तो परिवार में तनाव बढ़ गया। रजनी इस रिश्ते से छुटकारा चाहती थी, जिसके चलते उसने अपने पति, बेटी और रिश्तेदारों के साथ मिलकर संतोष को खत्म करने की साजिश रची। 30 मार्च की रात रजनी उईके पति भगवान सिंह उईके, उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम भादाकुई, थाना भैरूंदा, जिला सीहोर ने संतोष को फोन कर घर बुलाया। जैसे ही वह घर पहुंचा, उसकी आंखों में मिर्ची डाल दी गई और फिर सभी आरोपियों भगवान सिंह उईके पिता बलदेव उईके, उम्र 42 वर्ष, पूजा उईके पिता जीवन सिंह उईके, उम्र 19 वर्ष, रामविलास उईके पिता हेमराज उईके, उम्र 30 वर्ष निवासी कोठरा थाना रेहटी, तथा विरेन्द्र तुमराम पिता रामबगस तुमराम, उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम सालारोड़ ने मिलकर उसे पकड़ लिया। आरोपियों ने दुपट्टे और गमछे से संतोष शर्मा का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को उसकी ही कार में डालकर मंडीदीप रेलवे स्टेशन के पास छोड़ दिया, ताकि पुलिस को गुमराह किया जा सके।

### पुलिस ने पांचों आरोपियों को किया गिरफ्तार

एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि पुलिस ने तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल दुपट्टा, गमछा और मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है। यह मामला रिश्तों के टूटने, विश्वासघात और साजिश का खौफनाक उदाहरण बनकर सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है।

## एफआईआर कराने गई युवती से पुलिस बोली: दिमाग में भूसा भरा है, थाने से भगाया, दहेज उत्पीड़न की शिकायत लेकर पहुंची थी थाने



**सीहोर।** शहर के महिला थाने में दहेज उत्पीड़न और तांत्रिक विद्या जैसी शिकायत लेकर पहुंची एक नवविवाहिता को पुलिस स्टाफ ने सांत्वना देने के बजाय फटकार लगाई। थाना प्रभारी महिला निरीक्षक धनवंतरी ठाकुर ने एफआईआर नहीं लिखी। थाने से भगा दिया। इस पूरी घटना का वीडियो सामने आया है

**टाइप करने वाला नहीं है, अभी जाओ :** बरखेड़ा हसन गांव निवासी संगीता लोधी गुरुवार रात अपनी फरियाद लेकर महिला थाने पहुंची थीं। आरोप है कि वहां मौजूद स्टाफ ने उनकी बात सुनने के बजाय अभद्र भाषा का प्रयोग किया। पुलिस कर्मियों ने पीड़िता से कहा, अभी टाइप करने वाला नहीं है और तुम्हारे दिमाग में भूसा भरा हुआ है। न्याय की उम्मीद लेकर आई महिला को थाने से दुर्व्यवहार कर बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।।

### पति पर तांत्रिक विद्या और अप्राकृतिक संबंधों का आरोप

संगीता ने पुलिस को दिए आवेदन में अपने ससुराल वालों पर कई आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार, पति गोलू लोधी उस पर तांत्रिक विद्या का प्रयोग करता था और अप्राकृतिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करता था।

संगीता ने बताया- शादी के महज 3 दिन बाद ही ननद ने सोने की अंगूठी को पतली बताकर मायके से मोटी अंगूठी लाने का दबाव बनाया। सास-ससुर 2 लाख रुपए नकद और एक प्लॉट की मांग को लेकर लगातार मारपीट और मानसिक प्रताड़ना दे रहे थे।

### दिसंबर 2024 में हुई थी शादी

संगीता का विवाह 2 दिसंबर 2024 को विदिशा जिले के करेला निवासी गोलू लोधी के साथ हुआ था। पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार करीब पौने तीन लाख रुपए नकद, सोने-चांदी के जेवर और फर्नीचर सहित भारी दान-दहेज दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष की लालच कम नहीं हुई और शादी के सत्कार को बहाना बनाकर मारपीट शुरू कर दी गई।

### वीडियो सामने आने के बाद उठे सवाल

थाने के भीतर हुई इस बदसलूकी का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जहां एक ओर सरकार महिला सुरक्षा और सुनवाई के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं सीहोर महिला थाने का यह रवैया सिस्टम की हकीकत बयां कर रहा है। पीड़िता ने अब वरिष्ठ अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का किया आयोजन

# केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करते हैं भाजपा कार्यकर्ता : सुदेश राय





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के भाजपा नगर मंडल सीहोर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का आयोजन शहर स्थित क्रिसेंट रिसोर्ट में किया गया। इस मौके पर सात चरण में प्रशिक्षण अभियान संपन्न किया गया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल एक के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति और भाजपा नगर मंडल दो के अध्यक्ष सुशील ताम्रकार ने भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा का स्वागत संगठन के अंगवस्त्र पहनाकर किया। प्रशिक्षण वर्ग के शुरुआत में पंडित दीनदयाल जी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सभी पदाधिकारि एवं कार्यकर्ताओ ने डिजिटल पंजीयनकरण के माध्यम से अपना पंजीयन किया।जिसमें भाजपा के दोनों मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रशिक्षण सत्र में केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनहित की योजनाएं विधायक सुदेश राय, कार्य विस्तार भाजपा नेता रमाकांत समाधिया, बूथ प्रबंधन एवं मन की बात कल्याण सिंह ठाकुर, कार्य पद्धति धरम सिंह आर्य, भाजपा का इतिहास रघुनाथ सिंह भाटी, सोशल मीडिया, एआई नमो एप और सरल एप आदि की जानकारी आनंद पटेल, वैचारिक अधिष्ठान वैचारिक आधार मारुति शिशिर आदि ने जानकारी। इस मौके पर सत्रों के दौरान वक्ताओं ने कहाकि प्रशिक्षण कार्यशालाओं में भाग लेना सभी का कर्तव्य है। किसी भी परिस्थिति में आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार लगातार आमजन से जुड़ी सुविधाओं को पूर्ण करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस केवल भ्रम फैलाकर लोगों को गुमराह कर रही है, जिसका कोई औचित्य नहीं है।

प्रशिक्षण महाअभियान वैचारिक रूप से कार्यकर्ताओं को मजबूत करते हुए पार्टी के साथ जोड़ने का काम करता है भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान वैचारिक रूप से कार्यकर्ताओं को मजबूत करते हुए पार्टी के साथ जोड़ने का काम करता है। प्रशिक्षण के माध्यम से आपसी मेलजोल बढ़ाने, पार्टी की रीति-नीति जानने, संगठन के कार्यों एवं दायित्वों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। पार्टी प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित करती हैं, जिसमें कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों के लिए विभिन्न तरह से प्रशिक्षण दिए जाते हैं।

प्रशिक्षण महाअभियान में भाग लेकर संगठन के कार्यों को अधिक तीव्र गति से संपूर्ण किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन मंडल 2 के अध्यक्ष सुशील ताम्रकर ने किया एवं आभार महामंत्री अमित निखरा ने किया।

## 23 को निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा



**सीहोर।** शहर के कलारपुरा कस्बा में भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में महिला मंडल के तत्वाधान में भव्य रूप से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर शनिवार को ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर नगर सेठ वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय सहित क्षेत्रवासियों ने आस्था और उत्साह के साथ भाग लिया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आगामी 23 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा के साथ मंदिर में दिव्य अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन नगर पुरोहित पंडित पृथ्वी वल्लभ दुबे और विद्वान के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ ध्वजारोहण किया गया।

## पक्षियों के पानी पीने के लिए लगाए सकोरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम हसनपुर तिनोनिया, टिगरिया एवं शेखपुरा में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम शेखपुरा के चौराहा पर जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई। वृक्ष पूजन किया गया और पक्षियों के पानी पीने के लिए सकोरा लगाए गए।

## खबर संक्षेप




### कैलाश बगाना का भाजपा कार्यालय में किया स्वागत

**सीहोर।** शनिवार को को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सीहोर में भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की अध्यक्षता में नवनियुक्त भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश बगाना का पुष्पहारों से भव्य स्वागत सम्मान किया गया और आशा व्यक्त की गई कि आपके नेतृत्व में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा को और अधिक मजबूति मिलेगी। इस अवसर पर हरीश कौशल भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य, शरण वाल्मीकि अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, प्रेम नारायण गौर भाजपा समर्थक मंच, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमान सुनील ताम्रकार, नगर अध्यक्ष सुधीर प्रजापति, नगर अध्यक्ष वार्ड 19 के पार्षद नरेंद्र राजपूत, आशीष पचौरी जिला कार्यालय मंत्री, राजेश अहिरवार अनुसूचित जाति परिषद नगर अध्यक्ष सीहोर, प्रमोद कौशल भारतीय बेलदार जन जागरण लूनिया महासभा के जिला अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### 6 से 9 अप्रैल तक लगेंगे पुस्तक मेले

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार विद्यार्थियों को उचित मूल्य पर पुस्तकें, स्टेशनरी एवं यूनिफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंडों में 6 अप्रैल से 9 अप्रैल तक विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर के एमएलबी स्कूल, आष्टा के शासकीय संदीपनी स्कूल, इछावर के शासकीय संदीपनी स्कूल, बुधनी के शासकीय संदीपनी स्कूल और भैरूंदा के शासकीय संदीपनी स्कूल में 6 से 9 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे पुस्तक मेले आयोजित किए जाएंगे।

### थाने से गायब हुई जब्त पनडुब्बी, हड़कंप मचने के बाद आधी रात को माफिया ने दोबारा पहुंचाया वाहन

# आयकर विभाग की तर्ज पर खनिज माफिया पर कसी नकेल, किराए के वाहनों से पहुंचे अधिकारी

**एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी जब अपने कार्यालय से बाहर निकलते हैं तो उनकी लोकेशन रेत माफियाओं के द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप पर बनी रहती है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्षेत्र में रेत माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए स्थानीय प्रशासन ने आयकर विभाग की तर्ज पर गुप्त योजना को अंजाम दिया। रेत माफियाओं की लोकेशन ट्रेस करने वाली आधुनिक तकनीक और वाट्सएप ग्रुप्स को चकमा देने के लिए एसडीएम, एसडीओपी और तहसीलदार सरकारी गाड़ियाँ छोड़ किराए के वाहनों से मैदान में उतरे।

हालांकि इस कार्रवाई के बाद भी सरकारी तंत्र के बीच श्रेय लेने की होड़ और थाने से जब्त वाहन गायब होने जैसे घटनाक्रमों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चलने वाले रेत के अवैध उत्खनन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों पर रेत माफिया की निगाह लगातार बनी रहती है। एसडीएम एसडीओपी तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी जब अपने कार्यालय से बाहर निकलते हैं तो उनकी लोकेशन रेत माफियाओं के द्वारा बनाए गए वाट्सएप ग्रुप पर बनी रहती है। इसी को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने स्वयं के वाहन न ले जाते हुए किराए के वाहन ले जाकर कार्रवाई करने का प्लान बनाया। इस मामले में भी एक बार फिर यह देखने को मिला कि कार्रवाई चाहे कोई भी करें लेकिन खनिज विभाग को अपनी वाह-वाही ही लूटने से मतलब है। इसमें भी दूसरे दिन कुछ ऐसा ही नजर देखने को मिला और खनिज विभाग कार्रवाई को लेकर पूरी तरह छाया रहा।

### प्रशासन के द्वारा बनाए गए भोपाल के दल ने की रस्म अदायगी

मध्य प्रदेश शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के निर्देशों का पालन करते हुए स्थानीय प्रशासन ने शुक्रवार को रेत माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम देते हुए रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करने के लिए बनाए गए भोपाल के दल को जमीनी हकीकत दिखाई।

पिछले दिनों भोपाल के दल के द्वारा रेत माफियाओं पर कार्यवाही करने के लिए रस्म अदायगी करते हुए कुछ स्थानों पर छापामार कार्रवाई की और मामूली कार्रवाई को अंजाम देने के बाद वापस विलुप्त हो गए। भोपाल का दल जब कार्रवाई करने के लिए नगर की सड़कों पर घूम रहा था तो उनको रेत के भारी वाहन भी नहीं मिल सके, उसे समय भी तहसीलदार सौरभ शर्मा के द्वारा अपने दल बल के साथ पहुंचकर रेत से भर डंपरों को जब्त करने में उनकी मदद की गई थी। ऐसा लगा कि भोपाल के दल ने इस मामले में प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए कार्रवाई की।






### सीलकंठ से जब्त अत्यधिक पनडुब्बी पहुंची थाने और फिर हुई गायब

यह माना जाता है कि खनिज का व्यापार करने वाले माफिया सौदेबाजी में सबसे आगे होते हैं। कुछ ऐसी ही स्थिति स्थानीय थाने में उस वक्त निर्मित हो गई जब प्रशासन के द्वारा नीलकंठ से जब्त कर थाने भेजी गई अत्याधुनिक पनडुब्बी व ट्रैक्टर थाने पहुंचने के बाद मौके से गायब हो गये। प्रशासन ने सीलकंठ में मौके से 3 जेसीबी मशीनें, 1 लोडर और 1 अत्याधुनिक पनडुब्बी ट्रैक्टर जब्त किया था। यह पनडुब्बी नदी की गहराई से रेत खींचने मैं उपयोग लाई जाती है। स्थानीय प्रशासन ने इसे जब्त कर थाने में खड़ा करवाने के लिए भेजा था। मौके पर जब्त वाहन वहां पहुंचे भी लेकिन उसके कुछ देर वाद वहां से गायब हो गए। इसका खुलासा भी तब हुआ जब पटवारी थाने में वाहन की जब्ती देने के लिए पहुंचा। पता चला कि जब्त की गई अत्याधुनिक पनडुब्बी व ट्रैक्टर मौके से गायब है और उसकी जगह पहले से थाने में खड़ी पनडुब्बी को खड़ा कर दिया गया। इसके बाद पुलिस का अमला हरकत में आया और वाहन मालिक को बुलाकर थाने बैठाया गया। तब कहीं जाकर आधी रात को वापस जब्त किये वहां थाने पहुंचे। इस मामले में आखिर किसकी साठ गांठ थी इसका तो खुलासा नहीं हो सका लेकिन यदि प्रशासन तत्परता नहीं देखता तो इसमें भी मामला जम चुका था।

### कार्रवाई के बाद खनिज विभाग को मिली सूचना- लेकिन विभाग ने लूटी वाहवाही

यह तो निश्चित है कि सरकारी विभाग में काम चाहे किसी भी विभाग ने किया हो लेकिन उसकी वाहवाही लूटने में संबंधित विभाग पीछे नहीं रहता है। कुछ ऐसा ही नजर शुक्रवार को स्थानीय प्रशासन के द्वारा खनिज माफियाओं पर की गई कार्रवाई के दौरान देखने को मिला।

स्थानीय अधिकारियों ने खनिज विभाग के द्वारा की जा रही लापरवाही को जमीनी हकीकत दिखाते हुए लगभग 11 वाहनों पर कार्रवाई की। यह सभी वाहन रेत के उत्खनन परिवहन एवं भंडारण में उपयोग हो रहे थे। एसडीएम सुधीर कुमार कुशवाहा, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, तहसीलदार सौरभ शर्मा व नायब तहसीलदार रामदास गोरले एक के बाद एक लगातार कार्रवाई को अंजाम दे रहे थे।

इसके बाद प्रशासन ने इसकी सूचना खनिज विभाग के जिला अधिकारी को दी। खनिज विभाग का अमला लगभग 3 घंटे देरी से मौके पर पहुंचा। तब तक स्थानीय अमला पूरी तरह कार्रवाई को अंजाम दे चुका था। लेकिन बड़ी कार्रवाई को देखते हुए खनिज विभाग ने बिना देर किए कार्रवाई लूटने के लिए इस कार्यवाही को पूरी तरह विभाग की बताया। जबकि हकीकत में खनिज विभाग का इस कार्रवाई से कोई लेना-देना नहीं था। स्थानीय प्रशासन ने तो खनिज विभाग को जमीनी हकीकत से रूबरू कराया।

### जब ग्रामीणों के बीच घिरे नायब तहसीलदार

नायब तहसीलदार रामदास गोरले कार्रवाई करने के लिए चौरसा खेड़ी पहुंचे थे। नई पदस्थापना होने पर क्षेत्र में उन्हें कोई भी नहीं पहचान पाया। वहां पर पहुंचते ही उन्होंने घर के अंदर खड़ी हुई जेसीबी पर लोडर मशीन को जब्त करने के आदेश दिए। घर के अंदर खड़ी मशीन को जब्त करने की बात पर ग्रामीण भड़क गए और उन्होंने नायब तहसीलदार का घेराव कर दिया। मामला बिगड़ता देख तत्काल गोपालपुर पुलिस को बुलाया गया। तब कहीं जाकर नायब तहसीलदार ग्रामीणों से बच सके। इसके बाद मशीन सहित मलिक को भी पुलिस अपने साथ लेकर चली गई।

### जनजातीय बालक आश्रम में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा सीहोर में संचालित जनजातीय बालक आश्रम अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण सत्र 2026-2027 में रिक्त 20 सीट के पर कक्षा छठवी एवं सातवी में नवीन प्रवेश के लिए विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए है। कक्षा छठवीं एवं सातवीं में प्रवेश ऑनलाईन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से मेरिट के आधार पर किया जाऐगा। प्रवेश परीक्षा 21 अप्रैल 2026 को प्रातः 11.00 बजे से जनजातीय बालक आश्रम सीहोर में आयोजित की जायेगी। विद्यार्थी की आयु 01 जुलाई 2026 को 10 से 13 वर्ष के बीच होना चाहिए। प्रवेश के लिए कार्यालयीन समय में जनजातीय बालक आश्रम सीहोर से निःशुल्क आवेदन फॉर्म प्राप्त कर 01 अप्रैल से 15 अप्रैल के तक जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, प्रोफाइल पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र, मूलनिवासी प्रमाण पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर जनजातीय बालक आश्रम सीहोर में जमा किया जा सकता है।

## नौ अप्रैल से शहर में आयोजित होगी नौ दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीराम कथा



**सीहोर।** इस साल भी नौ अप्रैल से शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में समिति के द्वारा नौ दिवसीय भव्य संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर समिति के द्वारा तैयारियां की जा रही है। वहीं कथा का प्रथम आमंत्रण भगवान गणेश को समर्पित करते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर वितरण करते हुए क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की।

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति ने बताया कि आगामी नौ अपै्रल से शहर के कंचन विहार विश्वनाथपुरी में लगातार पंचम वर्ष भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें ब्रह्मलीन श्री त्यागी महाराज के कृपापात्र शिष्य श्री-श्री 108 महंत उद्धवदास महाराज के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। समिति ने बताया कि गत दिनों श्री हनुमान के प्रकटोत्सव के पावन पर्व पर अखंड रामायण पाठ, हनुमान जी का अभिषेक और हवन महाआरती की गई थी। अब नौ अपै्रल से श्रीराम कथा आगामी 17 अपै्रल तक जारी रहेगी। रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की है।

### 19 अप्रैल से भव्य रूप से किया जाएगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव और श्रीराम कथा



**सीहोर।** शहर के बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति एवं समस्त क्षेत्रवासी के तत्वावधान में बालाजी की तर्ज पर निर्मित हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नवनिर्मित मंदिर परिसर में यज्ञ संचालक धर्म रक्षक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे बाबा और मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राठौर, मंदिर के पुजारी अनिल शर्मा के अलावा सभी क्षेत्रवासियों ने यहां पर आगामी दिनों में होने वाले दिव्य अनुष्ठानों से को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आमंत्रण प्रदान कर रहे है। वहीं भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ को लेकर भव्य यज्ञशाला का निर्माण जयंती कालोनी में किया जा रहा है। इस मौके पर यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में मेहंदीपुर बालाजी की तर्ज पर हनुमान जी की दिव्य प्रतिमा स्थापित है, जो स्थानीय भक्तों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। इस मंदिर में नियमित पूजा-अर्चना और प्रसादी का वितरण आयोजित होते हैं। यज्ञ संरक्षक पंडित श्री कटारे और समिति के अध्यक्ष श्री राठौर ने बताया कि मेहंदीपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी का रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में 2026 में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान राम दरबार, भगवान शिव-नंदी और सप्तऋषियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर देश भर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा। 19 अपै्रल को प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मंदिर की सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन पर किया जाएगा। जनवरी तक मंदिर परिसर पूर्ण हो जाएगा, इसके उपरांत सात दिवसीय भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के लिए प्रसिद्ध धर्म आचार्यों की उपस्थित में भव्य आयोजन को पूर्ण किया जाएगा।

## विकराल तूफान का कहरः आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, किसानों की फसलें हो गई बर्बाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

गुरुवार देर रात अचानक बदले मौसम ने विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा और आंधी-तूफान ने पूरे क्षेत्र में भारी तबाही मचाते हुए जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा, जिनकी मेहनत पर पानी फिर गया। खेतों में तैयार खड़ी लहसुन और प्याज की फसल तेज हवाओं और बारिश की मार से पूरी तरह चौपट हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। तेज आंधी इतनी भयंकर थी कि कई बड़े-बड़े पेड़ जड़ से उखड़कर धराशायी हो गए। वहीं कई मकानों और दुकानों के टीन शेड हवा के साथ उड़ते हुए आसमान में नजर आए। हालात इतने भयावह थे कि बाद में जब इन टीन शेड की तलाश की गई तो वे एक से दो किलोमीटर दूर खेतों में गिरे हुए मिले। यह तबाही यहीं नहीं थमी। कांटाफोड़ थाना परिसर में लगा एक विशाल पेड़ तेज हवा के कारण टूटकर बिजली के खंभे पर गिर गया, जिससे तत्काल शॉर्ट सर्किट हो गया। इस हादसे में थाना परिसर में खड़ी एसआई विनयसिंह बघेल की टाटा नेक्सोन कार भी पेड़ की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शॉर्ट सर्किट से थाने के कई महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर खराब हो गए, जिससे थाने के दैनिक और आवश्यक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो गई। अचानक आई इस आपदा ने प्रशासन और आमजन दोनों के लिए बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की तेज आंधी-तूफान ने लंबे समय बाद इतना भयावह रूप देखा है। अब सभी की नजरें प्रशासन की ओर हैं कि प्रभावित किसानों और नुकसान झेलने वाले लोगों को जल्द से जल्द राहत और सहायता प्रदान की जाए।



### 1 से 3 अप्रैल 2026 तक सीहोर आरएसआई क्रिकेट मैदान हुई स्पर्धा

# सम्भाग स्तरीय अधिकारी कर्मचारी क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बारहवी सम्भाग स्तरीय अधिकारी कर्मचारी शिक्षा विभाग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 3 अप्रैल 2026 तक सीहोर आरएसआई क्रि केट मैदान पर किया गया। प्रतियोगिता का फायनल मैच सीहोर एवं रायसेन के मध्य हुआ, जिसमें सीहोर ने रायसेन को चार विकिट से पराजित कर विजय प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की पांच टीमों भोपाल, राजगढ़, विदिशा, रायसेन एवं सीहोर ने सहभागिता की। फायनल में रायसेन की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 91 रन बनायें, जिसे सीहोर ने आसानी के साथ लक्ष्य पुरा करते हुए दो ओवर पूर्व ही प्राप्त कर लिया। रायसेन की ओर से हरजीत, मयंक एवं अजय ने सर्वाधिक 14 व 11-11 रन बनायें। सीहोर के बॉलर शाहिद, रामवृक्ष एवं कृपाल ने तीन एवं दो-दो विकिट प्राप्त किये। बल्लेबाजे करने उतरी सीहोर टीम की ओर आदित्य, विजय वर्मा ने सर्वाधिक 24 व 21 रन बनायें। रायसेन की ओर बॉलिंग करते हुए हर्षित, अजय, जावेद, दीपक एवं शिवम ने 1-1 विकिट प्राप्त किये। फायनल मैच में मेन ऑफ द मैच शाहिद अफजाल सीहोर मैन आफ द सिरिज विजय वर्मा सीहोर, वेस्ट बॉलर कृपाल वर्मा सीहोर एवं जोवेब रायसेन को वेस्ट मेन का पुरुस्कार दिया गया। एम्पायरिंग एवं स्कोरिंग के लिये अजय, चन्देल, अजय दुवाने, मोनू परमार, फैजल मलिक को अतिथियों एवं जिला क्रिड़ा एंव कल्याण निरिक्षक अताउल्लाह खान द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता का माध्यम से सम्भागीय टीम का गठन किया जायेगा जो छतरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय क्रि केट प्रतियोगिता में भाग लेगें। पुरुस्कार वितरण समारोह में विशेष अतिथि के रूप में शैलेश शुक्ला अध्यक्ष लोक शिक्षण संचालनालय खेल कूद एवं सांस्कृतिक समनव्यक समिति भोपाल, योजना अधिकारी राजेश घड़लो, श्री निमजे, जिला क्रिड़ा निरीक्षक अताउल्लाह खान, प्रभारी प्रचार्य सुभाष आशीष शर्मा, वरिष्ठ क्रि केट खिलाड़ी शैलेन्द्र पहलवान, जिला क्रिकेट संघ सचिव अतुल तिवारी, माधव यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप नागिया द्वारा किया गया। सीहोर टीम को विजेता होने पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, आवासीय स्कूल प्राचार्य आलोक शर्मा, योग प्रभारी मनोज व्यास, शैलेन्द्र चौहान, राजेश मालवीय, महेन्द्र बाथम आदि ने टीम को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाऐं दी।

## स्कूल चले हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम में शामिल हुए अपर संचालक सिंह



**सीहोर।** स्कू ल चलें हम अभियान अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार राज्यष शिक्षा केन्द्र भोपाल से आये अरूण सिंह अपर संचालक द्वारा सीहोर विकासखण्ड के शासकीय माध्यिमक शाला तकीपुरमें भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत ज्ञान की देवी मॉ सरस्वलती की पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वर् लित कर कक्षा 1 एवं कक्षा 6 के नवीन प्रवेशित बच्चोॅ को पुष्पकमाला एवं तिलक लगाकर शाला में प्रवेश दिया गया साथ ही पुस्त क, पेनएवं शाला में संचालित गतिविधियों में प्रविणता प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित कर बच्चों से परिचर्चा भी की गई, शाला में संचालित गतिविधियों एवं व्यछवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया,अपर संचालक सिंह द्वारा मॉ की बगिया एवं शाला में किये गये नवाचार की काफी प्रशंसा कीतथा मॉ की बगिया में पक्षियों को पानी पीने हेतु सकोरे भी बांधे गये। उपस्थित ग्राम के गणमान्यक जन तथा अभिभावकों के साथ बैठक कर स्कोल चलें अभियान के प्रति सहायोग एवं उत्साह की सरहाना की, जिला परियोजना समन्व यक आ.आर.उईके द्वारा शाला में किये गये नवाचार एवं सफलता की कहानी तथा जनसहयोग के बारे में भी विस्तावर पूर्वक सिंह को बताया । शाला में मॉडल पुस्त कालय निर्मित करने हेतु कहा गया ।कार्यक्रम में आर.आर. उईके जिला परियोजना समन्व यक, लखनलाल महेश्वारी एपीसी ईएण्ड आर, सुरेन्द्रवपाल सिंह यादव एपीसी अकादमिक, अशोक वर्मा बीआरसीसी सीहोर, शाला प्रमुख सतीश त्यागी एवं स्टाफ द्वारा उत्साहित माहौल में शाला परिवार एवं छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान किया । म.प्र. शासन एवं स्कूतल शिक्षा विभाग तथा कलेक्टर बालागुरू के. के आदेशानुसार जिलें के 120 अधिकारियों द्वारा दिनांक 4 अप्रैल को शालाओं में पहुॅचकर भविष्यस से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत एक कालखण्ड में शिक्षक बनकर किया संवाद एवं भविष्यओ के लिये बच्चों को दिया मार्गदर्शन।

स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, पूरी जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंपा केस

# रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बन गए 8 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र

## मामले में इस्तीफा दे चुके पूर्व ऑपरेटर की भूमिका ज्यादा संदिग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

जिले के स्वास्थ्य महकमे में जो न हो जाए कम है। गत दिवस ही कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं स्थापना के लिपिक का वेतन उस दिन तक रोकने के तल्ख निर्देश दिए थे जब तक संविदा कर्मचारियों को उनकी तनख्वाह न मिल जाए। उक्त मामला अभी चर्चा में ही था कि जीरापुर क्षेत्र से जुड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में जन्म-मृत्यु पंजीयन पोर्टल के साथ बड़ी डिजिटल छेड़छाड़ का मामला सामने आ गया।

रामगढ़ पीएचसी(प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) में मात्र कुछ ही मिनटों के भीतर ओटीपी और जीमेल एक्सेस का दुरुपयोग कर 08 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। चैंकाने वाली बात यह है कि इन प्रमाण पत्रों में मध्य प्रदेश के साथ-साथ तेलंगाना राज्य के आवेदकों के नाम भी शामिल हैं, जो एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह की संलिप्तता की ओर ईशारा कर रहे हैं।




### संस्था प्रभारी के पास आई ओटीपी से मालूम हुआ खेल

रामगढ़ पीएचसी प्रभारी डॉ. सिमरन ठाकुर ने बताया कि 16 मार्च 2026 की शाम जब अस्पताल में कोई भी कर्मचारी पोर्टल पर काम नहीं कर रहा था, तभी अचानक उनके मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त हुआ। इसके तुरंत बाद एक के बाद एक साथ आठ एसएमएस आए जो जन्म प्रमाण-पत्र जनरेट होने के संबंध में थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉ. सिमरन ने मोबाइल नंबर तो बदल दिया लेकिन लेकिन पुरानी जीमेल आईडी का एक्सेस अब भी पोर्टल से जुड़ा था, जिसका फायदा उठाकर इस फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया।

### शक की सुई पूर्व ऑपरेटर पर

प्राथमिक जांच में यह तथ्य भी सामने आया है कि पूर्व में भी एक फर्जी प्रमाण पत्र का मामला सामने आया था, जिसके बाद डेटा एंट्री ऑपरेटर अर्जुन बैरागी ने इस्तीफा दे दिया था। आशंका जताई जा रही है कि पोर्टल की लॉगिन आईडी और पुरानी जीमेल आईडी का एक्सेस अब भी पूर्व ऑपरेटर के पास होने के कारण इस सुरक्षा चूक का लाभ उठाया गया। 16 मार्च की रात को जीमेल आईडी बदली गई, लेकिन अगले ही दिन फिर से लॉगिन के प्रयास किए गए, जो पोर्टल की सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करते हैं।

### इन नामों से जारी हुए फर्जी प्रमाण पत्र

पोर्टल का दुरुपयोग कर नंदनी सोनी, मोहम्मद बिलाल मंसूरी, सुनीताबाई बाई बागरी, पिंकी, मनीषा कुमारी, मुलागेरी श्रावंती (तेलंगाना), अकान बाई और अनिल नाथ के नाम पर प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। संस्था प्रभारी डॉ. सिमरन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ को लिखित शिकायत के बाद साक्ष्य (ओटीपी स्क्रीनशॉट और फर्जी प्रमाण पत्र) विभाग को सौंप दिए हैं। अब देखना यह है कि स्वास्थ्य विभाग इस डिजिटल सेंधमारी के पीछे के असली मास्टरमाइंड और पूर्व ऑपरेटर की भूमिका पर क्या सख्त एक्शन लेता है।

### इनका कहना है

मामला डिजीटल क्राइम से जुड़ा है इसलिए हमने मामले की इत्तिला जिला पुलिस की साइबर सेल को भी लिखित में कर दी है। वहां से प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की कार्यवाही करेंगे।


- **सुनील चौरसिया**, ब्लॉक मेडीकल ऑफिसर, जीरापुर, जिला राजगढ़

---

पुलिस ने पोस्टमार्टम उपरान्त कायम किए मर्ग

# राजगढ़ क्षेत्र में विवाहिता तो सारंगपुर में फंदे पर झूला युवक, पड़ताल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-सारंगपुर



राजगढ़ क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता महिला और सारंगपुर नगर में एक युवक द्वारा फांसी के फंदे पर झूल अपनी इहलीला समाप्त कर ली गई। दोनों मामलों में सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा व अन्य आवश्यक कार्यवाही उपरान्त शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया एवं मर्ग कायम कर जांच में लिए गए।

### 30 वर्षीय विवाहिता फांसी पर झूली

राजगढ़ कोतवाली थानाक्षेत्र के तहत आ रहे ग्राम झंझाड़पुर में गुरुवार शाम ममता पत्नी बीरम तंवर उम्र 30 वर्ष का शव फंदे पर लटका मिला। जानकारी लगने पर थाने की टीम मौके पर पहुंची और बॉडी को फंदे से उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की गहन विवेचना में लगी हुई है।

### सारंगपुर में घर में ही फंदे पर झूला युवक

उक्त घटना के इतर जिले के सारंगपुर नगर के कीड़ी रोड़ पर एक युवक समीर पिता जमील अंसारी उम्र 30 वर्ष ने अपने घर पर ही फांसी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा लिया। परिजन तत्काल युवक को फंदे से नीचे उतारकर सिविल अस्पताल सारंगपुर लेकर पहुंचे, जहां ड्यूटी डॉक्टरों ने जांच के उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की अचानक मौत से परिवार में शोक का माहौल है और आसपास के क्षेत्र में भी घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की। पुलिस द्वारा मौका पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल उक्त दोनों ही मामलों में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

---

# जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक

## विभिन्न लापरवाहियों पर सीएमएचओ से किए जवाब-तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिला अस्पताल से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी शुक्रवार दोपहर अचानक डीएच के निरीक्षण पर पहुंचे गए। इस दौरान अस्पताल की आवश्यकताओं की जानकारी ली गई तथा व्यवस्थाओं का विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के प्रत्येक तल का निरीक्षण किया गया।

अधिकारीद्धय ने सभी वार्डों, कैंटीन एवं शौचालयों की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर पीयूसी द्वारा तैयार किए गए भवन के मानचित्र एवं डिजाइन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं मिल सकें। अधिकारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन को सुधार हेतु तल्ख निर्देश प्रदान किए। जिला अस्पताल में नव स्थापित मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री सिस्टम एवं आरओ जल आपूर्ति व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एनआरसी कक्ष को शीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश दिए। साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन एवं ईटीपी प्लांट की स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। फील्ड विजिट के दौरान पुलिस हाउसिंग के कॉन्ट्रक्टर रत्नेश चैरसिया एवं संजीव सहाय शर्मा भी उपस्थित रहे।

---

स्टेडियम में शाम 5 बजे से

# राजगढ़ में आज से शुरू होगा आईपीएल, इनाम 71 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर राजगढ़ मुख्यालय पर कल रविवार 5 अप्रेल से आईपीएल टूर्नामेंट की शुरूआत होने जा रही है। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें शामिल की गई हैं जिनमें जिले व क्षेत्र के बेहतरीन क्रिकेटरों का जलवा दर्शकों को देखने मिलेगा।

हाशमी क्रिकेट क्लब एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू के सहयोग से आयोजित हो रहा यह टूर्नामेंट 5 अप्रेल से आरंभ होगा 17 अप्रेल को संपन्न होगा। टूर्नामेंट की फाइनल विजेता टीम को वसीम सरोज हाशमी द्वारा 71 हजार रुपए एवं ट्राफी का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके साथ ही उप-विजेता टीम को 40 हजार रुपए प्रदान किए जाएंगे। स्थानीय स्टेडियम परिसर में होने जा रहे इस टूर्नामेंट के लिए लाईटिंग, सुरक्षा समेत तमाम व्यवस्थाएं आयोजकों द्वारा कर ली गई हैं। उद्धघाटन मैच प्रशासन इलेवन एवं विधायक इलेवन की टीम के बीच खेला जाएगा। आयोजकों ने आधिकाधिक खेल प्रेमियों ने इस टूर्नामेंट का आनंद उठाने की अपील की है। फाइनल मैच उपरान्त मैन ऑफ द सीरीज, बेस्ट फील्डर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बल्लेबजार, मेच ऑफ द मैच सहित अन्य पुरस्कार खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे।

---

# एक तरफा प्यार के चक्कर में मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक, पहुंच गई पुलिस

## पुलिस ने समझा-बुझाकर नीचे उतरवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



जिले के सारंगपुर क्षेत्र के लीमाचैहान गांव में शुक्रवार दोपहर एकतरफा प्रेमप्रसंग के चलते एक 25 वर्षीय युवक मोबाइल के टॉवर पर जा चढ़ा। सूचना मिलते ही टीआई और पुलिसबल मौके पर पहुंचे और किसी तरह समझाईस देकर युवक को टॉवर पर से नीते उतरवाया। बताया जा रहा है कि जिस युवति से लड़का प्रेम करता है उसकी कुछ ही दिनों में शादी होने वाली है।

निपानिया गांव तुला निवासी अनिल वर्मा नाम का यह युवक मिस्त्री का काम करता है और संबंधित युवति से एकतरफा प्रेम करता था। युवति की कुछ दिनों में शादी होने वाली है। इसके चलते युवक ने आत्मघाती उठाया और टॉवर पर जा चढ़ा। पुलिस ने युवक अनिल की जान बचाने के भरसक प्रयास किए और युवति से भी बात करवाई। युवति ने बताया कि वो उससे प्यार नहीं करती है। टीआई राहुल रघुवंशी, एसआई सुगनलाल धुर्वे, अमित रघुवंशी, राधारमण मीणा और आरक्षक विक्रम ने युवक को करीब एक घंटे समझाया। संबंधित युवती से बात की तो ज्ञात हुआ की उसका कोई संबंध ही नहीं है और न ही उसे जानती है। इसके बाद पुलिस ने युवक को प्रेम से समझाया और नीचे उतार कर थाने ले गए जहां उसे समझाईश दी जा रही है।

---

## अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन युवक घायल, डायल112 ने पहुंचाया अस्पताल

**विदिशा।** जिले के थाना मुरवास क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर बस स्टैंड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना 2 अप्रैल को सुबह 10:13 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना मुरवास में तैनात डायल-112 एफआरवी वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। डायल-112 के सैनिक समीन खान एवं पायलट राशिद खान घटनास्थल पर पहुँचे और पाया कि टक्कर के बाद तीनों युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे। पुलिस जवानों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एफआरवी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटेरी पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से घायलों को समय पर चिकित्सा सहायता मिल सकी।

---

# हनुमान जन्मोत्सव पर माचलपुर में निकला भव्य चल समारोह



**माचलपुर।** नगर में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। सुबह से ही हनुमान मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगी देखी गईं और श्री राम और बजरंगबली के जय जयघोषों से नगर गुंजायमान नजर आया। नगर में रामनवमी से ही हनुमान मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया था वहीं अखंड रामायण के पाठ चल रहे। इस बार ईमली वाले बालाजी मंदिर पर रामनवमी से विशेष रूप से रात्रि में रामकथा चल रही थी वहीं पांच दिवसीय पंचकुंडी महायज्ञ भी हुआ जिसमें प्रतिदिन मंत्रोच्चार से दी गई आहुतियों ने वातावरण को शुद्ध किया जिसकी पूर्णाहुति हनुमान जन्मोत्सव पर हुई। वही मंदिर पर बने नवीन शिखर पर कलश चढ़ाया गया इसका पुण्य कमाने के लिए विष्णुप्रसाद करोड़िया ने उच्चतम बोली 2 लाख 51 हजार लगाई और करोडिया परिवार की और से चढ़ा। शाम को विशाल शोभायात्रा मंदिर से बैंड बाजे डीजे की धुन पर बजते धार्मिक भजनों निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु साथ चल रहे थे। शोभायात्रा में हनुमानजी की चलित झांकी भी सम्मिलित थी। चल-समारोह नगर भ्रमण उपरान्त मंदिर पहुंचा जहां हनुमान जी को छप्पन भोग अर्पित किए गए। इसी प्रकार नगर प्रसिद्ध चाठा कुंडी बालाजी मंदिर पर भी विभिन्न आयोजनों के साथ भंडा आयोजित किया गया।

---

# दो आरोपी वाहन समेत किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में बढ़ती वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सिविल लाइन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 5 लाख कीमत की तीन मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। दोनों आरोपी लंबे समय से पुलिस के रडार पर थे।

पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर टीम ने योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी। इस दौरान अंकित यादव उर्फ टुंडा (25) निवासी क्रांति चौक और अरुण अहिरवार (19) निवासी गुप्तेश्वर मंदिर के पास, कोतवाली क्षेत्र को गिरफ्तार किया गया। आरोपी टुंडा ने सुपारी लेकर लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में ही मुखर्जीनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता रंजीत सोनी की गोली मारकर हत्या की थी।

### आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं कई मामले

उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में 9 और कोतवाली थाने में 3 प्रकरण पहले से दर्ज हैं, जिनमें हत्या (धारा 302) जैसे गंभीर अपराध भी शामिल हैं। पुलिस अब उससे पूछताछ कर अन्य वारदातों का खुलासा करने में जुटी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने वाहन चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल हो सकता है। इस कार्रवाई में एएसआई घूमन सिंह, प्रधान आरक्षक सुनील पुरी, राजकुमार मौर्य, कपूर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि जिले में चोरी और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। साथ ही आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य मामलों के खुलासे की भी उम्मीद है।

---

## महेश शर्मा बने किसान संघ के प्रदेशाध्यक्ष



**खिलचीपुर।** भारतीय किसान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने महेश कुमार शर्मा खिलचीपुर को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर प्रदेश की कमान सौंपी है। शर्मा को उनकी सराहनीय कार्य शैली को दृष्टि गत रख मनोनित किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर इष्टमित्रों, नागरिकों ने बधाईयां दी हैं।

---

# राजगढ़ हेड पोस्ट ऑफिस में खत्म हुई रेल रिजर्वेशन सुविधा, आमजन परेशान

## सांसद नागर ने दूर संचार मंत्रालय को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में अर्से से चालू रेलवे रिजर्वेशन की सुविधा को रेल विभाग ने 31 मार्च को बंद कर दिया जबकि प्रतिदिन काउन्टर से अनेकों टिकिटों की बुकिंग होती है। जब रेल में सफर करने वाले यात्री रिजर्वेशन के लिए पोस्ट ऑफिस पहुंचे तब उन्हें यह बात मालूम हो पाई। हरिभूमि न जब पोस्ट ऑफिस प्रबंधन से बात की तो मालूम हुआ कि यह उनके हाथ से नहीं बल्कि रेलवे मिनिस्ट्री के निर्देशों पर किया गया है। आपको बतादें कि राजगढ़ मुख्यालय स्थित पोस्ट ऑफिस में प्रतिदिन कईं लोग विभिन्न टेनों से यात्रा करने हेतु आरक्षण करवाया करते हैं। गत दिवस जब कुछ यात्री अमन, दिलीप, महीप, प्रकाश, सुनील, देवेंद्र व अन्य जब पोस्ट ऑफिस में रेल रिजर्वेशन करवाने पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि अब यहां से रिजर्वेशन नहीं हो पाएगा।

### नवंबर में भी बंद हुई थी सेवा

राजगढ़ मुख्य डाकघर में रेल रिजर्वेशन सुविधा को रेल मंत्रालय ने नवंबर माह में भी बंद किया था जिसके बाद क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर के प्रयासों से यह सुविधा पुनः प्रारंभ हुई थी। हरिभूमि ने इस बारे में जब सांसद नागर से संबंध किया तो उन्होंने बताया कि इस असहुलियत के लिए उन्होंने दूरसंचार मंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध कर दिया है ताकि यात्रियों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। अगर सबकुछ ठीकठाक रहा तो पोस्ट ऑफिस में यह सुविधा जल्द प्रारंभ हो जाएगी।



---

देर रात्रि तक चलता रहा आयोजन, भंडारे और आरती आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकाला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भगवान हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शहर में हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में एतिहासिक चल समारोह निकाला गया।जुलूस पर जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। अखाडे के उस्ताद करतब दिखाते हुए चल रहे थे।चल समारोह मुख्य मार्गों से होकर पुराना बस स्टैंड स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर पहुंचा, जहां जूलूस का महाआरती के साथ समापन किया गया।

हनुमानजी के जन्मोत्सव के मौके पर गुरूवार देर शाम को चल समारोह की शुरूआत ढकोरा रोड स्थित हनुमान मंदिर से की गई।यहां पर श्रद्धलुओं का एकित्रतकरण हुआ। इसके बाद हनुमानजी की अतिथियों व वरिष्ठजनों के द्वारा आरती की।आरती के बाद चल समारोह की शुरूआत की।जुलूस में भगवान श्री राम-लक्ष्मण जी व हनुमानजी के पात्र एक रथ पर सवार होकर चल रहे थे।




इसके अलावा अखाड़े, सुंरकांड समितियां, झांडा समितियों के भक्तगण सहित हिंदू उत्सव समिति के कार्यकर्ता, राजनैतिक, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं ने बढ-चढ़कर भाग लिया।डीजे के साथ जुलूस यहां से शुरू होकर सुठालिया रोड पर पहुंचा।रोड पर पूरे रास्ते में स्थानीयजनों के द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम रखा गया था। हनुमान जी महाराज की पालकी की पूजा अर्चना की। यात्रा सुठालिया रोड से होते हुए मुख्य बाजार होकर सुभाषा चैक होते हुए जगात चैक पहुंची। जगात चैक से चल समारोह अहिंसा द्वार होते हुए गुड़ चैराहा, पीपल चैराहा से होते हुए पुराना बस स्टैंड पर स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर पर पहुंचा।

### महाआरती उपरान्त प्रसादी का हुआ वितरण

मंदिर पर रात के समय भव्य आरती का आयोजन किया गया। महाआरती के बाद प्रसादी वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने पर हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन शर्मा एवं हनुमान जन्मोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अजय चैहान ने सभी सकल हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं, समाज के सभी प्रभुत्वजनों, पुलिस-प्रशासन समस्त हिंदू समाज का अभिनंदन और आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### सुरेश दुबे का निधन श्रद्धांजलि दी



**आष्टा।** नगर के स्वर्गीय उमाशंकर दुबे के सुपुत्र, स्वर्गीय शशिकांत दुबे, महेंद्र दुबे के छोटे भाई राजेंद्र दुबे ओर मनोज दुबे, बड़े भाई विवेक, विनय के पिता वंश के दादा का निधन 2 अप्रैल को हो गया। वे लंबे समय से बीमारी से ग्रसित थे। हंसमुख मिलन सार व्यक्तित्व के धनी, सामाजिकता में अग्रसर, धर्म के जानकार, पथ प्रदर्शित करने वाले व्यक्तित्व का असीमिक जाना एक महत्वपूर्ण सामाजिक क्षति है। दुबे के निधन पर नगर के जनप्रतिनिधि, समाजन सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### अध्यापक संयुक्त मोर्चा की बैठक संपन्न

**सीहोर।** शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीइटी) को अनिवार्य किए जाने के विरोध में अध्यापक संयुक्त मोर्चा, जिला सीहोर (मध्यप्रदेश) की बैठक शनिवार को आवासीय विद्यालय परिसर, भोपाल नाका, सीहोर में संपन्न हुई। बैठक में जिले के विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे।बैठक में शिक्षकों की एक सूत्रीय मांग टीइटी परीक्षा का विरोध विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के लिए इस प्रकार की परीक्षा अनिवार्य करना न्यायसंगत नहीं है। इससे शिक्षकों में असंतोष का माहौल है और सभी शिक्षक इस निर्णय के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं।

बैठक के दौरान आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की रणनीति भी तय की गई। इसके तहत 8 अप्रैल को जिला स्तरीय आंदोलन, 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय आंदोलन तथा 18 अप्रैल को प्रदेश स्तरीय महा आंदोलन आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया। इन आंदोलनों के माध्यम से शासन और प्रशासन तक शिक्षकों की मांगों को मजबूती से पहुंचाया जाएगा। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज हमेशा शिक्षा और समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, इसलिए शिक्षकों की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए।

स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित

# शिक्षक आपके डॉक्टर, किताबें आपकी दवा, शिक्षक के निर्देश परहेज : बीआरसी

**विकासखंड स्रोत समन्वयक अधिकारी अजब सिंह राजपूत ने बच्चों को अपने भविष्य के प्रति सजग किया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

स्थानीय सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावर मे स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत शनिवार को भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बीआरसी आष्टा अजब सिंह राजपूत ने उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद किया। संवाद के दौरान आपने बताया कि शिक्षक आपके डॉक्टर हैं किताबें आपकी दवाई और शिक्षक के निर्देश परहेज हैं। यदि आप इनका पालन करेंगे तो सफलता निश्चित हैं। इस अवसर पर राजपूत द्वारा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण भी किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य अजय मिश्रा, प्रधानाध्यापक द्वय गजेंद्र विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, जनशिक्षक गजराज बागवान, राजेंद्र ठाकुर, अकबर सिद्दीकी, शिवनारायण वर्मा, कमलेश खत्री, राजेंद्र बरेठा, हरिओम सोलंकी, बंटी जाटव, रामस्वरूप वर्मा, कीर्ति शर्मा, पवन राठौर, दरियाव सिंह, मुकेश बामनिया, नंदनी कौरव, मोहम्मद जुनैद, सचिन विश्वकर्मा, जयंत गुप्ता आदि उपस्थित थे।



### बच्चों के साथ किया संवाद

भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जावर में विकासखंड स्रोत समन्वयक अधिकारी अजब सिंह राजपूत द्वारा बच्चों को अपने भविष्य के प्रति सजग किया गया एवं जीवन में कोई भी कार्य या पद मुश्किल नहीं होता है अगर आपका ध्येय निश्चित है। आदि विषयों पर अजब सिंह द्वारा बच्चों के साथ संवाद किया गया तत्पश्चात। सहज रूप में छोटे-छोटे बच्चों के बीच बैठकर भोजन किया गया तथा शाला की समस्त व्यवस्थाओं की तहे दिल से सराहना की इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों द्वारा अधिकारी का आभार माना गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य नितिन कौशल, अजय मिश्रा, अनिल शर्मा, गजेन्द्र विश्वकर्मा, मुकेश बामनिया, कीर्ति शर्मा, नंदनी कौरव, ज्योति शर्मा, गजराज सिंह बागवान, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, मुमेंद्र सिंह तोमर, कमलेश खत्री एवं बच्चै उपस्थित रहे।



# ग्राम भंवरी कला में मां अंबे के दरबार में पांच दिवसीय उत्सव का समापन

**निकाली विसर्जन यात्रा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



गांव भंवरी कलां में पांच दिवसीय गरबे का कार्यक्रम संपन्न हुआ। निश्चित रूप से पूरे गांव के लिए एक भावुक और भक्तिमय पल रहा जब पूरा गांव एक साथ मिलकर माता रानी को विदाई देता है, तो वह दृश्य वाकई देखने लायक होता है। इस विशेष अवसर के लिए यहाँ कुछ पंक्तियाँ हैं जो इस भक्तिपूर्ण माहौल को दर्शाती हैं।

पांच दिनों की सेवा और भक्ति के बाद, भारी मन से मां को विदाई दी गई। भंवरी कला की गलियां माता के जयकारों से गूंज उठीं। जुलूस में उमड़ा पूरा जनसैलाब यह बताता है कि माता रानी के प्रति गांव की आस्था कितनी गहरी है।अगले बरस का इंतजारः ₹अगले बरस तू जल्दी आ₹ के नारों के साथ मां अंबे से सुख-समृद्धि की कामना करते हुए विसर्जन संपन्न हुआ। खुशियों से भर जाए भंवरी कला का हर आंगन और नाम ग्राम भंवरी कला में मां अंबे की यह महिमा सुनकर मन भक्ति से भर जाता है।

यह जानकर बहुत अच्छा लगा कि वहां 5 दिनों की अखंड ज्योत जलाई जाती है और सभी ग्रामवासी व भक्तगण मिलकर श्रद्धा के साथ मां की आरती करते हैं। विश्वास और अटूट श्रद्धा ही वह डोर है जो भक्त को शक्ति से जोड़ती है। जैसा कि आपने बताया कि मां अंबे वहां आने वाले हर भक्त की मन्नत पूरी करती हैं, यह उनकी असीम कृपा का ही प्रतीक है।

जब कोई भक्त मां की भक्ति में पूरी तरह मगन हो जाता है, तो उसे एक अलग ही शांति और संतोष का अनुभव होता है। श्रद्धा की ज्योतः जहां विश्वास का दीपक जलता है, वहां अंधेरा कभी टिक नहीं पाता।सामूहिक भक्तिः गांव के सभी लोगों का एक साथ मिलकर आरती करना आपसी प्रेम और एकता को भी दर्शाता है। अटूट विश्वासः मां अंबे सबकी मुरादें पूरी करें और भंवरी कला पर अपनी कृपा दृष्टि हमेशा बनाए रखें।

# लहसुन-प्याज मंडी नीलामी में देरी, किसान हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर स्थित कृष्णा आश्रम के पीछे मरदाखेड़ी स्थित नई कृषि उपज मंडी में अस्थाई रूप से संचालित हो रही लहसुन-प्याज मंडी में शनिवार को नीलामी प्रक्रिया 2 घंटे की देरी से प्रारंभ हुई, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, ई-मंडी व्यवस्था लागू करने को लेकर पूर्व में मंडी सचिव द्वारा व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी।



बैठक में निर्णय लिया गया था कि व्यापारियों को भंडारण हेतु अस्थाई भूखंड उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में व्यापारियों से आवेदन भी लिया गया और मंडी बोर्ड से मार्गदर्शन मांगा गया था। लहसुन-प्याज व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने बताया कि ई-मंडी व्यवस्था लागू करने से पहले व्यापारियों के लिए भंडारण की उचित व्यवस्था एवं भूखंड उपलब्ध कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं की जाती हैं, तो पूर्व की तरह ही मंडी संचालन जारी रखा जाए।इसी बीच आज मंडी सचिव द्वारा लहसुन-प्याज नीलामी प्रक्रिया को बंद कर दिया गया। जिससे मंडी में मौजूद किसानों में आक्रोश और चिंता का माहौल बन गया। किसानों की समस्या को देखते हुए व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने एसडीएम नितिन टाले से चर्चा की।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने हस्तक्षेप किया और मंडी में नीलामी प्रक्रिया पुनः प्रारंभ कराई, जिससे किसानों को राहत मिली।किसानों एवं व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने और मंडी में सुचारू एवं व्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# मंडी बोर्ड के अधिकारियों, इंजीनियरों के साथ विधायक ने की बैठक, कार्यों की समीक्षा कर दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिले की सबसे बड़ी ए क्लॉस वर्तमान आष्टा कृषि उपज मंडी को आगामी खरीफ के सीजन तक 100 एकड़ के क्षेत्रफल में विकसित हो रही नवीन सर्वसुविधायुक्त मंडी में स्थानान्तरित करने के लक्ष्य को सामने रखते हुए आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सक्रिय हो गये हैं। आष्टा से लेकर भोपाल मंडी बोर्ड तक के सभी जिम्मेदार अधिकारियों से विधायक लगातार संपर्क बनाये हुए हैं। इस मामले को लेकर वे जल्द ही कृषि मंत्री कंसाना जी से भी मिलने वाले हैं।।

इसके पूर्व विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने भोपाल निवास पर आष्टा की नवीन कृषि उपज मंडी में चल रहे कार्यो, अन्य प्रस्तावित कार्यो की स्तिथि,मंडी में बिजली कार्य,रोड निर्माण,शेड निर्माण,शॉप कम गोदाम, मंडी में सुरक्षा एवं स्वास्थ व्यवस्था,नवीन मंडी में पहुच मार्ग, निर्गम मार्ग, कृषक विश्राम कक्ष आदि को लेकर मंडी बोर्ड भोपाल के ईई, एई, एसडीओ, सब- इंजीनियर के साथ एक बड़ी समीक्षा बैठक कर विस्तार से बिंदुवार कार्यो की समीक्षा की। विधायक ने इंजीनियर से जानकारी ली कि कौन कौन से कार्य चल रहे है,कब तक वे पूर्ण होंगे,नवीन मंडी में कौन कौन से कार्य प्रस्तावित है,वे कब तक शुरू होंगे आदि की बिंदुबार जानकारी ली और निर्देशित किया। विधायक गोपालसिंह ने बैठक में उपस्तिथ मंडी बोर्ड के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश ओर संदेश दिया कि उनका लक्ष्य है कि आगामी खरीफ के सीजन में पुरानी मंडी को नवीन मंडी में ले जाना चाहते है और इस हिसाब से मंडी में जो कार्य चल रहे है,जो कार्य शुरू होने वाले है उनको जल्द किया जाये । मंडी के व्यापारियों को शॉप कम गोदाम निर्माण हेतु प्लाटों को दिये जाने की कार्य योजना जल्द बनाई जाये। प्लाटों के रेट निर्धारण की क्या पालिसी मंडी बोर्ड की है,उससे अवगत कराये एवं प्लाटो के जो रेट निर्धारण किये जायें वो कम से कम हो ताकि व्यापारियों को कोई परेशानी ना हो । विधायक ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिये है की वर्तमान में चल रहे कार्यो में तेजी लाये,कार्यो को तय समय सीमा में पूर्ण करे,नवीन मंडी में सुरक्षा और स्वास्थ की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया की वर्तमान मंडी का परिसर आवक के मान से एवं वर्तमान में लाइसेंसधारी व्यापारियों की बढ़ती संख्या के हिसाब से छोटा है,सीजन में हमारे जिले के साथ साथ आस पास के कई जिलों के किसान अपनी उपज हमारी मंडी की अच्छी छबि ,नगद भुगतान,अधिक मूल्य फसलों का मिलने के कारण आष्टा मंडी में लाते है ।

सीजन में अधिक आवक के कारण मंडी के बहार रोड पर लंबी लंबी बाहनो की जो कतार लगती है जो रोड जाम के साथ हमारे मंडी के बहार के व्यापारियों के लिये परेशानी का कारण बन जाती है,यातायात भी बाधित होता है । इन सब समस्याओं का एक ही हल है नवीन मंडी को शुरू किया जाये हम इसी प्रयास में लगे है की जल्द से जल्द नवीन मंडी में व्यापारियों, किसानों, हम्मालों, तुलावटियों,मंडी प्रशासन के लोगो के लिये सभी सुविधाओं को जुटा कर नई मंडी शुरू हो जाये ।विधायक ने बताया की वे जल्द ही मंडी बोर्ड के एवं स्थानीय व अन्य सभी अधिकारियों के साथ नवीन मंडी का दौरा कर जमीनी स्तर पर जो कार्य चल रहे है उसकी समीक्षा करेंगे।

# हवा, आंधी बारिश पर भारी पड़ा हनुमान भक्तों का उत्साह हनुमान चालीसा और महाआरती में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हनुमान प्रकट उत्सव के चलते पूरे क्षेत्र के हनुमान मंदिरों सहित राम मंदिरों में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। हनुमान जयंती पर को सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का जुटान शुरू हो गया था।वही श्री राम मंदिर समिति एवं मोहित सोनी मित्र मंडल आष्टा द्वारा स्थानीय प्राचीन श्री राम मंदिर में भगवान हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य महाआरती एवं संगीतमय 21 श्री हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें स्थानीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, आयोजनकर्ता मोहित सोनी, राम मंदिर समिति अध्यक्ष गोविंद सोनी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष भूरू मुकाती तथा वरिष्ठ समाजसेवी ललित नागौरी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्रसिद्ध संगीतकार राजू जायसवाल ने संगीतमय 21 श्री हनुमान चालीसा का पाठ प्रारंभ किया, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से दोहराया। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया।कार्यक्रम के दौरान तेज आंधी के साथ बारिश भी शुरू हुई, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई। सभी भक्तगण पूरे श्रद्धाभाव से श्री हनुमान चालीसा के पाठ में लीन रहे। कार्यक्रम के अंत में महाआरती का आयोजन सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात आयोजन समिति के सदस्य सौरभ जैन (शीतल), उत्थान धरवा, आशीष मेहता, महेंद्र विश्वकर्मा, प्रवेश शर्मा, कपिल जैन, अंतिम बनवट, कमलेश विश्वकर्मा, दीपेश राठौर, दीपक सोनी, कृष्ण शर्मा आदि द्वारा प्रसादी का वितरण किया गया। इस संगीतमय श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में मात्र शक्तियों ने भाग लेकर आनंद लिया।

**शहर के बीएसआई मैदान पर पूर्व विधायक की स्मृति में प्रतियोगिता शुरू**

# शुभारंभ मैच में यंग स्टार सीहोर टीम ने भोपाल को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर शनिवार से आरंभ सीएम स्पोटर्स और डीसीए के संयुक्त तत्वावधान में स्व. श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच यंग स्टार सीहोर और सनराइज लालघाटी भोपाल के मध्य रोमांचक मुकाबले के साथ हुआ। इस मुकाबले में यंग स्टार की टीम एक रन से जीती, इसके अलावा दूसरा मैच अलअहमद सीनियर क्रिकेट टीम और रेहटी के मध्य खेला गया। जिसमें अलअहमद की टीम 11 रन से विजय रही। मैच का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने किया। इस मौके पर आयोजनकर्ता सीएम स्पोटर्स के संचालक सीनियर कोच चेतन मेवाड़ा, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, आशीष शर्मा, अतुल कुशवाहा, गौरव पिचोनिया ने भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मेवाड़ा और भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष समीर मेवाड़ा का स्वागत किया। रविवार को दो मैच खेले जाऐंगे। पहले बल्लेबाजी करने उतरी यंग स्टार सीहोर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर 173 रन बनाए थे। इसमें नीरज मेहरा ने 73 रन, नदीम खान ने 28 रन, शहीद ने 21 रन, प्रतीक ने 14 रन की पारी खेली। इधर सनराइज लालघाटी ने गेंदबाजी करते हुए संतोष जायसवाल, शमशुद्दीन, रुपेश, नीलम और रविन्द्र ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइज लालघाटी भोपाल की टीम 172 रन पर आल आउट हो गई। इसमें सूरज यादव ने 10 रन, हेमंत ने 64 रन, शमशुद्दीन ने 34 रन, संतोष जायसवाल ने 21 रन की पारी खेली। इधर यंग स्टार की ओर से गेंदबाजी करते हुए नसीर, नीरज मेहरा, संजय पेशवानी ने दो-दो विकेट और नदीम-प्रतीक ने एक-एक विकेट से हराया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि दोपहर एक बजे के बाद हुए दूसरे मुकाबले में अलअहमद सीनियर क्रिकेट ने रेहटी को 11 रन से हराया। इस मैच पहले बल्लेबाजी करने उतरी अलअहमद की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 183 रन बनाए थे।



# तहसीलदार ने वेयरहाउसों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा द्वारा शाखा प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन आष्टा के शाखा प्रबंधक पीएल भाभर, नागरिक आपूर्ति निगम के आष्टा क्षेत्र प्रभारी राजनरायन गिरी के दल के साथ तहसील जावर क्षेत्र के मां अंबिका वेयरहाउस ग्वाला, पटेल वेयरहाउस ग्वाला, महाकाल वेयरहाउस भंवरीकला, पटेल वेयरहाउस कान्याखेड़ी, मां सावत्रा वेयरहाउस कजलास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उक्त दल द्वारा बारदान, तौल कांटे, सिलाई मशीन, छन्ने, पंखे की उपलब्धता के साथ साथ किसानों की सुविधाओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। तहसीलदार द्वारा संबंधित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों को उपार्जन के शुरू होने के पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए। कहा कि किसानों को किसी भी तरह की असुविधा ना हो सुनिश्चित करें।

